INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI(2nd lang.)	Department: Hindi	
Lesson - 4 टिकट-अलबम (कहानी)	Topic: प्रश्ननोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ - 4 - टिकट-अलबम (कहानी)

प्रश्ननोत्तर

प्रश्न -1-आजकल लड़के किसे घेरे रहते थे?

उत्तर- आजकल नागराजन को घेरे रहते थे ।

प्रश्न -2- अब किसके अलबम की पूछ नहीं रह गई थी?

उत्तर- अब राजप्पा के अलबम की पूछ लड़कों में नहीं रह गई थी।

प्रश्न -3 किस के डर से राजपा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया था?

उत्तर- पुलिस के डर से राजपा ने अलबम को अँगीठी में डाल दिया था।

प्रश्न- 4 राजप्पा को किस से चिढ़ हो गई थी?

उत्तर- राजप्पा को अलबम से चिढ़ हो गई थी ।

प्रश्न 5- नागराजन सभी छात्रों को अपना अलबम कैसे दिखाया करता था?

उत्तर- नागराजन सभी छात्रों को शांतिपूर्वक अपना अलबम दिखाया करता था ।

प्रश्न 6 - लड़कियों ने नागराजन से अलबम किसे माँगने भेजा और क्यों?

उत्तर- लड़कियों ने नागराजन से अलबम माँगने के लिए पार्वती को अपना अगुआ बनाकर भेजा क्योंकि वही सबसे तेज़-तर्रार थी।

प्रश्न - 7 राजप्पा ने अलबम क्यों छिपा दिया?

उत्तर- राजप्पा ने नागराजन की अलबम चुराई थी, इसलिए वह नहीं चाहता था कि किसी को इसके बारे में कुछ पता चले।

प्रश्न 8 - लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की ?

उत्तर : लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से इसलिए कि जिस प्रकार मधुमक्खी सारा दिन दूर तक घूम-घूमकर फूलों से मकरंद (फूलों का रस) चूसती है और शहद की एक-एक बूंद इकट्ठा करती है, उसी प्रकार राजप्पा भी सारा दिन मेहनत करके दूर-दूर से टिकट इकट्ठा करके लाता था।

शब्दार्थ -

1-जमघट- जमाव

2-टोली- मंडली 3-उत्सुक इच्छुक

4- चवेना- चबाकर खाने वाली खाद्य सामग्री

5- फिसड्डी- काम में पीछे रह जाने वाला

6- टीपना- नकल करके लिखना

7-बघारना- पांडित्य दिखाने के लिए किसी विषय की चर्चा करना

8- कोरस- एक साथ मिलकर गाना

9- मशहूर- प्रसिद्ध

10 खलना- अखरना

प्रश्न -1 - दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए :-

1 –	मैं कक्षा छह का छात्र हूँ।	(मैं)
2 –	उसने गृहकार्य कर लिया है ।	(उसने)
3 –	आप बाहर क्यों गए थे ?	(आप,क्यों)
4 –	यह राधा तथा मोहन का विद्यालय है।	(यह)
5 –	शायद घर के अंदर कोई है।	(कोई)
6 –	पानी में कुछ गिर गया था।	(कुछ)

7 – जैसी करनी, वैसी भरनी। (जैसी, वैसी

8 – जैसा बोओगे, वैसा काटोगे। (जैसा,वैसा)

9 – आज खाने में क्या बनाया है? (क्या)

10 – वह सदा सच्च बोलता है| (वह)

प्रश्न-2 -निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए-

1 - मेरे घर के सामने विशाल पहाड़ है ।

2 - कक्षा में चालीस विद्यार्थी बैठे हैं ।

3 - पेड़ से कुछ फ़ल तोड़ कर लाओ ।

4 - कपड़े की लंबाई चार मीटर है ।

5 - पौधे में थोड़ी मिट्टी डाल दो।

6 - गली में पहला घर साधना का है ।

7 - मेरा भाई नटखट है।

8 - मुझे तीन किलो आटा चाहिए |

9 - कुछ लोगों को ही काम चाहिए |

10 - मुझे सफ़ेद गाड़ी ही चाहिए ।

****